दैनिक पंचांग

13 अक्टूबर को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह	स्थिति	लग्नारंभ समय	
सूर्य	कन्या में	तुला	06.20 बजे से
चंद्र	तुला में	वृश्चिक	08.34 बजे से
मंगल	कर्क में	धनु	10.50 बजे से
बुध	तुला में	मकर	12.55 बजे से
गुरु	कर्क में	कुंभ	14.42 बजे से
शुक्र	तुला में	मीन	16.15 बजे से
शनि	मीन में	मेष	17.45 बजे से
राहु	कुंभ में	वृष	19.25 बजे से
केतु	सिंह में	मिथुन	21.23 बजे से
		कर्क	23.37 बजे से
		सिंह	01.53 बजे से
		कन्या	04.05 बजे से

राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक

दिन का चौघड़िया			
रोग	05.53 से	07.22 बजे तक	
उद्वेग	07.22 से	08.15 बजे तक	
चर	08.15 से	10.19 बजे तक	
लाभ	10.19 से	11.48 बजे तक	
अमृत	11.48 से	01.16 बजे तक	
काल	01.16 से	02.45 बजे तक	
शुभ	02.45 से	04.13 बजे तक	
रोग	04.13 से	05.42 बजे तक	

रात का चौघड़िया		
काल	05.42 से	07.13 बजे तक
लाभ	07.13 से	08.45 बजे तक
उद्वेग	08.45 से	10.16 बजे तक
शुभ	10.16 से	11.48 बजे तक
अमृत	11.48 से	01.19 बजे तक
चर	01.19 से	02.51 बजे तक
रोग	02.51 से	04.22 बजे तक
काल	04.22 से	05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार हो देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

नील ग्रहन के नक्षत्र

4	5	9	0
130	159	144	118
167	339	199	460
590	780	288	677

दिन-159-690
मधुर डे-126-228 मधुर नाइट-
मिलन डे-117-300 मिलन नाइट-

भविष्यफल

आज जन्म लिए बालक का फल.....

शुभ संवत 2083, शाके 1948, सौम्य गोष्ठ, अश्विन शुक्ल पक्ष, शरद ऋतु, गुरु उदय, पूर्वे शुक्रोदय, पश्चिमे तिथि तीज, मंगलवार, विशाखा नक्षत्रे, प्रीत योगे, तैतिल करणे, तुला की चंद्रमा, तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी।

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल तथा स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, योगी, भोगी, वक्ता, अधिवक्ता होगा।

मेष- इष्टमित्र सुख वर्धक होंगे, प्रयास जारी रखे प्रयत्नशीलता, सफलता से लाभ अवश्य होगा।

वृष- समय पर सोचे हुए कार्य निपटा लें, कार्य तत्परता से लाभ अवश्य ही होगा।

मिथुन- मनोबल उत्साह वर्धक होगा, व्यावसायिक क्षमता में वृद्धि होगी, कार्य संतोष होगा।

कर्क- परिश्रम से सफलता संभव है, समर्थ के अनुसार प्रयास अवश्य करें, लाभ होगा।

सिंह- कार्यवृत्ति में सुधार, चिन्ताएं कम होगी, सफलता के साधन जुटायें, कार्य निपटा लें।

कन्या- परिश्रम करने पर भी सफलता दिखायी न देगी, स्त्रीवर्ग से तनाव कष्ट अवश्य ही होगा।

तुला- कुछ लोगों से मेल मिलाप फलप्रद, क्षमता अनुकूल रहेगी, रुके कार्य अवश्य बनेगें ध्यान दें।

वृश्चिक- स्वास्थ्य नरम, चोट आदि का भय, मनोबल उत्साह वर्धक होंगे, कार्य अवश्य बनेंगे।

धनु- कार्यकुशलता से संतोष, दैनिक कार्य गति में सुधार अवश्य ही होगा, ध्यान रखें।

मकर- मनोबल उत्साहवर्धक होगा, मित्र इष्ट मित्र सहयोगी होंगे, कार्य का ध्यान रखें।

कुंभ- कार्य व्यावसाय गति मंद होगी, साधना सम्पदता अवश्य बनी ही रहेगी ध्यान दें।

मीन- विघटनकारी तत्वों से परेशानी अवश्य होगी, अनावश्यक बाधाएं अवश्य ही आयेंगी।

शारदी नवरात्रि में साल में एक ही शुक्रवार को यह प्रयोग होता है

क्या आपका पर्स पैसों का श्मशान बन चुका है, जहां पैसा आता तो है लेकिन टिकने से पहले ही राख हो जाता है?

प्रामाणिक ग्रंथ- कुलार्णव तन्त्र (यन्त्र-लेखन एवं द्रव्य-शुद्धि प्रकरण)

मूल शास्त्र सिद्धान्त- कुलार्णव तन्त्र और शारदा तिलक तन्त्र में स्पष्ट रूप से स्थापित है– भूर्जपत्रे लिखेद् यन्त्रं... अर्थात किसी भी तांत्रिक ऊर्जा, यंत्र या मंत्र का आवाहन् केवल भूर्जपत्र (भोजपत्र) पर ही स्थिर होता है। साधारण कागज या मृत-चर्म (मरे हुए जानवर की खाल) पर कोई भी दैवीय ऊर्जा कभी टिक नहीं सकती, वह तुरंत नष्ट हो जाती है। आपका दिन-रात की तरह मेहनत करते हो। लेकिन जब आपको पगार वेतन मिलती है, तो आप उस पैसे को कहां रखते हो? एक चमड़े या सिंथेटिक धातु से बने पर्स में। तंत्र विज्ञान के अनुसार, धन केवल कागज का टुकड़ा नहीं है; यह श्री (लक्ष्मी) का साक्षात जाग्रत, चंचल और प्राणवान स्वरूप है। जब तुम इस जाग्रत ऊर्जा को चमड़े रूपी एक तामसिक और मृत-आवरण के भीतर कैद करते हो, तो उस धन की ऊर्जा वहां भयंकर घुटन महसूस करती है। चमड़ा एक मृत तत्त्व है, जो आसपास की हर सकारात्मक ऊर्जा को सोख कर उसे शून्य कर देता है। इस तामसिक जेल से बाहर निकलने के लिए वह धन कोई भी विनाशकारी रास्ता खोज लेता है।

गुप्त भूर्जपत्र धन-आकर्षण देव-विधान : यह प्रयोग तुम्हें किसी भी नवरात्रि शुक्रवार की रात (रात 10 बजे के बाद) करना है।

साधना विधि- 1. पूजा की दुकान से असली भोजपत्र (Bhojpatra) का एक छोटा सा टुकड़ा ले आओ। उसे चौकोर (Square) आकार में काट लो (लगभग 2×2 इंच)।

2. शुद्ध लाल चंदन का पाउडर या केसर लो, और उसमें गंगाजल की कुछ बूंदें मिलाकर स्याही बना लो।

3. अनार की लकड़ी की कलम (या साफ टूथपिक) से उस भोजपत्र के टुकड़े के बिल्कुल बीचों-बीच महालक्ष्मी का हृदय बीज मंत्र लिखो– श्रीं ।

4. अब उस भोजपत्र को अपनी दाहिनी हथेली पर रखो। अपनी आँखें बंद करो, अपने भीतर असीमित धन की ऊर्जा का ध्यान करो और पूर्ण अधिकार के साथ इस महालक्ष्मी आकर्षण बीज मंत्र का 21 बार मानसिक उच्चारण करो-

ऊं ह्रीं श्रीं क्लीं महालक्ष्म्यै, मम धन-कोषं वर्धय वर्धय फट्।5. मंत्र पूरा होने के बाद, उस भोजपत्र के टुकड़े को सुखाकर मोड़ लो, और अपने पर्स के उस गुप्त हिस्से में रख दो जहां तुम अपने सबसे बड़े नोट रखते हो। इसे हमेशा वहीं रखा रहने दो।

परिणाम : तंत्र शास्त्र के अनुसार, श्रीं बीज मंत्र और भोजपत्र का यह तांत्रिक मिलन आपके उस तामसिक पर्स के अंदर एक जाग्रत एनर्जी भंवर पैदा कर देता है। भोजपत्र तुम्हारे पैसों को चमड़े की नकारात्मक ऊर्जा से पूरी तरह शील्ड (Shield) कर देता है। 11 से 21 दिनों के भीतर तुम स्वयं देखोगे कि पैसा बेवजह खर्च होना बंद हो गया है, नए रास्ते खुल रहे हैं, और आपके पर्स कभी खाली नहीं हो रहा है।

गुरु महेश जैन, इंटरनेशनल ज्योतिषाचार्य अनुष्ठानकर्ता, राणापुर
जिला झाबुआ मध्यप्रदेश, 7000098868 9425188009

आज से प्रारंभ होगी शिवमहापुराण कथा... कलेक्टर व एसपी ने किया निरीक्षण



निवाली/बड़वानी।

निवाली में आगामी 13 से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाली सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित श्री प्रदीप मिश्रा जी (सीहोर वाले) की शिवमहापुराण कथा की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। 12 अक्टूबर 2026 को जिला कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल ने संयुक्त रूप से कथा स्थल व आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की।

इस विशाल धार्मिक आयोजन में देश-विदेश और आसपास के जिलों से लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा यातायात और जन-सुविधा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

निरीक्षण के दौरान प्रमुख व्यवस्थाओं की समीक्षा- कथा स्थल एवं सुरक्षा - विशाल पंडाल, श्रद्धालुओं के लिए प्रवेश और निकास द्वार तथा मंच की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया गया। असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा।

यातायात एवं रूट डायवर्जन- आयोजन के दौरान सुगम यातायात बनाए रखने हेतु भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। विभिन्न मार्गों से आने वाले वाहनों के लिए स्पष्ट रूट डायवर्जन और पार्किंग के वैकल्पिक स्थल निर्धारित किए गए हैं।

आपातकालीन एवं स्वास्थ्य सेवाएं - किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए कथा स्थल पर मेडिकल कैंप, एम्बुलेंस और अग्निशमन वाहनों के निर्बाध आवागमन के लिए विशेष कॉरिडोर की व्यवस्था की गई है।

पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति- श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पर्याप्त पेयजल पॉइंट्स और कथा स्थल पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति (जनरेटर बैकअप सहित) सुनिश्चित की गई है।

भोजनशाला एवं जन-सुविधाएं- श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन और विश्राम के लिए भोजनशाला व अन्य आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

प्रशासनिक अधिकारी एवं आयोजनकर्ता रहे उपस्थित - निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अर्पित गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर, एसडीएम पानसेमल रूप सिंह सिसोदिया, एसडीओपी राजपुर बीएल अटोदे, डीएसपी महिला सुरक्षा बड़वानी कैलाश चौहान, तहसीलदार कैलाश कनोजे, यातायात प्रभारी निरीक्षक विनोद बघेल, रक्षित निरीक्षक गजेंद्र निगवाल, थाना प्रभारी पलसुद विक्रम बामनिया, थाना प्रभारी निवाली रवि ठाकुर, नायब तहसीलदार श्रीमती अर्चना गिरवाल, जनपद सीईओ माधव अग्रवाल, सीएमओ यशवंत सोलंकी, बीएमओ डॉ मुकेश दांगी, पीएचई विभाग से राजेंद्र कुमार बामनिया, पीडब्ल्यूडी एसडीओ अमर सिंह नर्वे तथा प्रमुख आयोजनकर्ता जितेंद्र कुंज पाटिल व सेलू राठौर सहित अन्य अधिकारी एवं पुलिस बल के कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से कथा का श्रवण करें तथा यातायात नियमों का पालन कर पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

बड़वानी पुलिस की विशेष अपील- शिव महापुराण कथा के दौरान यातायात डायवर्जन एवं सुरक्षा व्यवस्था





बड़वानी। जिले के निवाली में 13 से 17 अक्टूबर तक दोपहर 2 से 5 बजे तक भव्य शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। यह पावन धार्मिक आयोजन सेंधवा-निवाली मार्ग पर आयोजित होगा।

कार्यक्रम के दौरान उमड़ने वाली भारी भीड़, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जिला पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष ट्रैफिक डायवर्जन एवं सुरक्षा योजना तैयार की गई है। कथा स्थल और प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

यातायात डायवर्जन एवं मार्ग व्यवस्था- सेंधवा की तरफ से आने वाले सभी भारी वाहनों का निवाली कस्बे में प्रवेश पूर्णतरू प्रतिबंधित रहेगा। इन वाहनों को सरदार ढाबा-खेड़ी मोर्गुन रोड-वज्जर फाटा मार्ग से वन-वे डायवर्ट किया जाएगा। भारी वाहनों को दोंदवाड़ा-मालकातर-बोरड़ी-सांगवी-पलासनेर मार्ग से होते हुए महाराष्ट्र एवं बड़वानी की ओर डायवर्ट किया जाएगा। भारी वाहनों को पाटी-चोकराता मार्ग से होते हुए खेतिया की ओर डायवर्ट किया जाएगा। कथा स्थल के मुख्य मार्ग पर किसी भी तरह के दोपहिया या चारपहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहेगा। असुविधा से बचने के लिए यातायात पुलिस द्वारा सुझाए गए डायवर्जन मार्गों का ही उपयोग करें। एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकालीन वाहनों के आवागमन के लिए मार्ग पूरी तरह सुरक्षित एवं प्राथमिकता पर रखे जाएंगे। शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित आयोजन संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें और निर्धारित मार्गों पर प्रवेश करने से बचें।

राजपुर पुलिस ने अवैध शराब तस्करी पर की प्रभावी कार्रवाई, 126990 का मश्रुका जप्त कर 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

ग्राम मुंडला में नाकाबंदी कर राजपुर पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब की खेप, मोटरसाइकिल जप्त



राजपुर/बड़वानी। पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल के नेतृत्व में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर एवं एसडीओपी अनुभाग राजपुर बीएल अटोदे के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में थाना राजपुर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए 10 पेटी देशी शराब एवं लेमाउंट कंपनी की बीयर के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल जप्त की गई। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय पेश कर केंद्रीय जेल बड़वानी दाखिल किया गया।



विवरण- पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार 11.10.2026 को थाना राजपुर पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम खजुरी की तरफ से 2 व्यक्ति मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 11 एमएच 9371 पर अवैध रूप से 10 पेटी देशी एवं विदेशी शराब बेचने के लिए राजपुर की तरफ ला रहे हैं। सूचना पर राजपुर पुलिस द्वारा ग्राम मुंडला पहुंचकर नाकाबंदी की गई। इसी दौरान खजुरी की तरफसे आती मोटरसाइकिल की लाइट दिखाई दी। जिसे रोककर चेक किया गया। मोटरसाइकिल पर 2 व्यक्ति बैठे थे, जिनके बीच में पीले-सफेद रंग का एक बड़ा प्लास्टिक का थैला रखा था।

पूछताछ करने पर मोटरसाइकिल चालक ने अपना नाम शिवम पिता पप्पू धनगर उम्र 21 साल निवासी जुलवानिया रोड राजपुर तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम विपिन्द्र पिता भूपेन्द्र पाटील उम्र 20 साल निवासी जुलवानिया रोड राजपुर बताया। थैले के बारे में पूछने पर दोनों व्यक्ति कभी कुछ तो कभी कुछ बताने लगे तथा भागने की कोशिश करने लगे। हिकमत अमली से पूछने पर बोरे में देशी-विदेशी शराब की पेटियां होना बताया। पुलिस द्वारा दोनों व्यक्तियों को मोटरसाइकिल से नीचे उतारकर बोरे को खोलकर चेक किया गया। जिसमें 6 पेटी देशी मदिरा शराब एवं 4 पेटी लेमाउंट कंपनी की बीयर केन बरामद हुई। शराब एवं मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 11 एमएच 9371 को पंचानों के समक्ष जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय पेश कर केंद्रीय जेल बड़वानी दाखिल किया गया।

जप्तशुदा मश्रुका- 6 पेटी देशी मदिरा शराब एवं 4 पेटी लेमाउंट कंपनी की बीयर केन कुल कीमत 36990, मोटरसाइकिल क्रं. एमपी 11 एमएच 9371 कीमत 90000, कुल जप्त मश्रुका की कीमत 126990 रूपए। थाना राजपुर पुलिस द्वारा अवैध शराब के परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

विशेष भूमिका- निरीक्षक माधवसिंह ठाकुर थाना प्रभारी थाना राजपुर, उनि पुरणसिंह मण्डलोई, उनि रमेशचंद्र चौहान, प्रआर नरेश ठकराव, आर हेमंत कुशवाह एवं आर रविन्द्र चौहान थाना राजपुर की विशेष भूमिका रही।

रक्तवीरों ने पेश की मानवता की मिसाल

वाहिद और शादाब ने जरूरतमंदों के लिए किया रक्तदान

बड़वानी। रॉयल ब्लड डोनर्स द्वारा जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए निरंतर रक्तदान सेवा कार्य किए जा रहे है। इसी क्रम में दो रक्तवीरों ने रक्तदान कर मानवता और इंसानियत की मिसाल पेश की। रविवार को शासकीय अस्पताल में ए नेगेटिव रक्त की आवश्यकता होने पर शहर के वाहिद पठान ने अपना अमूल्य रक्तदान किया। इसी सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए 12 अक्टूबर को अंजड़ से बड़वानी आकर रक्तवीर शादाब ने शासकीय अस्पताल में एनीमिया से पीड़ित मरीज के लिए बी पॉजिटिव रक्तदान किया। अध्यक्ष शादाब शेख ने बताया कि हमारी टीम कई वर्षों से निरंतर रक्तदान एवं जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए कार्य कर रही है। टीम का उद्देश्य है कि रक्त की आवश्यकता होने पर मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में हरसंभव मदद की जाए। दोनों रक्तवीरों का यह सराहनीय योगदान समाज में मानवता, भाईचारे और निस्वार्थ सेवा की भावना को मजबूत करता है। दोनों रक्तवीरों के सेवाभावी योगदान की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

समकालीन भारत के विविध आयामों पर राष्ट्रीय सेमिनार 16 अक्टूबर को

शिक्षा, संस्कृति, समाज, तकनीक और सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्राध्यापक करेंगे शोध पत्रों का वाचन



बड़वानी। शासकीय आदर्श महाविद्यालय में 16 अक्टूबर 2026 को समकालीन भारत शिक्षा, संस्कृति, समाज, तकनीक और सतत विकास पर बहु-विषयक दृष्टिकोण विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। सेमिनार की प्रायोजक संस्था गुरु विद्यापीठ, सोहना, हरियाणा है। इस राष्ट्रीय अकादमिक आयोजन में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक एवं शोधार्थी समकालीन भारत से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। सेमिनार का उद्देश्य शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक परिवर्तन, तकनीकी नवाचार तथा सतत विकास के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करना और बहु-विषयक शोध को प्रोत्साहित करना है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रमोद पंडित सेमिनार के संरक्षक हैं। आयोजन सचिव डॉ दिनेश पाटीदार तथा आयोजन समन्वयक डॉ बीएस मुजाल्दा एवं डॉ अनिल पाटीदार हैं। राष्ट्रीय सेमिनार के आयोजन को लेकर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ प्रमोद पंडित की अध्यक्षता में विभिन्न आयोजन समितियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सेमिनार की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आयोजन से संबंधित व्यवस्थाओं, दायित्वों एवं समन्वय पर चर्चा की गई। प्राचार्य ने सभी समितियों को आपसी सहयोग से आयोजन को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुलकर्णी उपस्थित रहेंगे। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में सुप्रसिद्ध करियर काउंसलर डॉ मधुसूदन चौबे का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उनके व्याख्यान से प्रतिभागियों को समकालीन परिस्थितियों में शिक्षा, करियर, सामाजिक विकास और भविष्य की संभावनाओं को समझने का अवसर मिलेगा।

शारदीय नवरात्रि पर्व पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल ने मां बिजासन माता मंदिर में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

भीड़ प्रबंधन, सुरक्षाएं पार्किंग और सुगम दर्शन के लिए अधिकारियों को दिए सख्त व आवश्यक दिशा-निर्देश

सेंधवा/बड़वानी। आगामी शारदीय नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर सेंधवा स्थित प्रसिद्ध मां बड़ी बिजासन माता मंदिर में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम दर्शन व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस व प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में 12 अक्टूबर 2026 को पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल ने मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।



पूजा-अर्चना के पश्चात पुलिस अधीक्षक ने संपूर्ण मंदिर परिसर, गर्भगृह मार्ग, पार्किंग स्थल और आसपास के क्षेत्रों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर समिति के सदस्यों और चौकी प्रभारी से पर्व के दौरान आने वाली भीड़ के अनुमान और सुरक्षा प्रबंधों पर विस्तृत चर्चा की।

दिए गए प्रमुख निर्देश- भीड़ नियंत्रण और कतार व्यवस्था - श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन कराने के लिए बैरिकेडिंग और कतार व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। यातायात और पार्किंग भारी वाहनों और श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए पार्किंग की उचित व्यवस्था तथा रूट डायवर्जन प्लान तैयार करने पर जोर दिया गया। सुरक्षा और निगरानी मंदिर परिसर और आसपास असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए। आकस्मिक प्रबंधन आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी तैयारियों को समय रहते पूरा करने को कहा गया।

निरीक्षण के दौरान उपस्थिति- इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर, एसडीओपी सेंधवा अजय वाघमारे, रक्षित निरीक्षक गजेंद्र निगवाल, डीएसबी प्रभारी श्रीमती रेखा वास्केल, थाना प्रभारी सेंधवा ग्रामीण ओम प्रकाश चांगोड, बिजासन चौकी प्रभारी उप निरीक्षक रोहित पाटीदार, मंदिर समिति के सम्मानित सदस्यगण तथा अन्य पुलिस अधिकारी व बल के जवान उपस्थित रहे।

भाजपा जिला सोशल मीडिया टोली की घोषणा, आठ पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

बड़वानी। भारतीय जनता पार्टी के जिला सोशल मीडिया संयोजक नवीन गुप्ता ने जिला सोशल मीडिया टोली की घोषणा की है। संगठन के निर्देशानुसार घोषित इस टीम में जिले की चारों विधानसभाओं को प्रतिनिधित्व देते हुए आठ पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक सुयश त्यागी के निर्देशानुसार तथा निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, सोशल मीडिया संभाग प्रभारी भूपेंद्र सिंह बोड़ा, जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल यादव एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अजय यादव की सहमति से जिला सोशल मीडिया संयोजक नवीन गुप्ता ने नियुक्तियां घोषित की हैं। घोषणा के अनुसार जिला सह-संयोजक के पद पर निकिता भामरे बड़वानी, संजय कुमावत राजपुर, अजहर मंसूरी पानसेमल एवं सत्री वर्मा सेंधवा को नियुक्त किया गया है। वहीं विधानसभा प्रभारी एवं जिला सदस्य के रूप में महेश गोले, नरेंद्र यादव, धर्मेंद्र वास्कले एवं कौशल पाटिल को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पॉलीथिन का धारणीय विकल्प विषय पर कार्यशाला का आयोजन- स्थानीय शासकीय महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मेरा संकल्प रू पॉलीथिन का धारणीय विकल्प विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ वीणा सत्या के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर अमरजैसी सोलंकी एवं डॉक्टर रामेश्वर गुप्ता की उपस्थिति में सम्पन्न किया गया।